आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1045 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

जीएसटी–खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत 22 सितंबर से हुई है। इससे समाज का हर वर्ग अब लाभान्वित हो रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार से विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम हुई हैं और लोगों को राहत मिली हैं। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत, सरकार ने खेल के सामान पर कर में बड़ी कटौती की घोषणा की है, नए कर ढांचे में खेल के सामानों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है।

*इस कदम का उद्देश्य खेल उपकरणों को अधिक किफ़ायती बनाना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और देशभर में खेलों में व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। यह निर्णय उपभोक्ताओं को सीधे लाभ पहुंचाएगा और साथ ही फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देगा। जीएसटी सुधारों के अंतर्गत साइकिलों पर भी कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं साइकिल के पुर्जों पर भी टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इस कटौती से साईकिल के इस्तेमाल को प्रोत्साहन मिलेगा और छात्रों, फिटनेस प्रेमियों तथा युवा पेशेवरों में साइकिल चलाने की प्रवृत्ति बढेगी। इस महीने की 21 तारीख को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधन करते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू उद्योगों, छोटे निर्माताओं, स्थानीय कारीगरों और एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा।*

रेबीज़ दिवस

आज विश्व रेबीज़ दिवस है। रेबीज एक जानलेवा रोग है। जिसका बचाव पूर्णतः संभव है। यह कुते, बिल्ली, बंदर व नेवले इत्यादी जानवारों के काटने व खंरोचने से हो सकता है। पशुपालन विभाग द्वारा इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने विदेश दौरे के बाद कल रात दिल्ली लौट आएं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका आज प्रदेश लौटने का कार्यक्रम है।

स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में 2 अक्तूबर तक एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पिछले कल सोलन के परवाणु में वृत स्तरीय जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज माँ दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। माता ने अपने इस स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा–अर्चना कर रहे है। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

———————————